पत्र संख्या–12/स्था0–01–02/2025...................../

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

प्रेषक,

मनीष आनंद,

अवर सचिव (प्रबंधन)।

अति महत्वपूर्ण/ ईमेल

सेवा मे,

सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना

सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग

सभी निदेशक/संयुक्त निदेशक, जल संसाधन विभाग

सभी अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग

सभी कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन विभाग।

पटना, दिनांक–

विषयः–जल संसाधन विभाग अंतर्गत नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक) के नियुक्ति की सम्पुष्टि के संबंध में।

प्रसंगः–विभागीय आदेश संख्या–472 दिनांक 31.01.2025, विभागीय आदेश संख्या–1482, 1483 दिनांक 04.04.2025, विभागीय आदेश संख्या–3825 दिनांक 13.08.2025, विभागीय आदेश संख्या–890 दिनांक 28.02.2025, विभागीय आदेश संख्या–1271 दिनांक 20.03.2025 एवं विभागीय आदेश संख्या–1907 दिनांक 05.05.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक पत्र के संबंध में कहना है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग की विज्ञापन संख्या–01/2019 के अंतर्गत प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय आदेश संख्या–472 दिनांक 31.01.2025 तथा विभागीय आदेश संख्या–1482 दिनांक 04.04.2025 एवं विभागीय आदेश संख्या–1483 दिनांक 04.04.2025 तथा विभागीय आदेश संख्या–3825 दिनांक 13.08.2025 के द्वारा कनीय अभियंताओं (असैनिक) की नियुक्ति की गयी।

तदोपरान्त विभागान्तर्गत विभिन्न कार्यालयों/अन्य विभागों में पदस्थापित किया गया। उक्त आदेश की कंडिका–08 में वर्णित प्रावधान के तहत कतिपय मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंताओं एवं अन्य बाह्य विभागों में प्रतिनियुक्त नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के नियुक्ति पत्र सम्पुष्टि का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। उक्त अनुशंसा के आलोक में पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के नियुक्ति पत्र की सम्पुष्टि की जाती है।

2. उक्त सूची में अंकित नवनियुक्त कनीय अभियंताओं (असैनिक) की नियुक्ति की सम्पुष्टि इस आधार पर की जा रही है कि नियुक्ति सम्पुष्टि हेतु अनुशंसा करने वाले नियंत्री पदाधिकारी पूर्णतः आश्वस्त है कि उनके द्वारा उन्हीं नवनियुक्त कनीय अभियंताओं की नियुक्ति सम्पुष्टि हेतु अनुशंसा की गयी है, जिसका विभागीय स्तर से नियुक्ति के उपरांत पदस्थापन उनके कार्यालय में किया गया है।

3. नवनियुक्त कनीय अभियंताओं का विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध नियुक्ति एवं पदस्थापन आदेश से मिलान कर संबंधित नियंत्री पदाधिकारी/कार्यालय प्रधान अपने स्तर से पुनः संतुष्ट हो लेंगे, साथ ही कोई त्रुटि परिलक्षित होने पर नियंत्री पदाधिकारी सीधे अधोहस्ताक्षरी को वाँछित अभिलेख/सूचना के साथ प्रतिवेदित करेंगे।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह०/–

(मनीष आनंद)

अवर सचिव (प्रबंधन)।

पत्रांकः–12/स्था0–01–02/2025....282 /पटना, दिनांक– 15/01/26

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों के ई–मेल पता पर भेजने हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

15/01/26

अवर सचिव (प्रबंधन)।

| जल संसाधन विभाग के अंतर्गत निम्नांकित नवनियुक्त कनीय अभियंताओं की नियुक्ति पत्र की संपुष्टि की जाती है :– | | | |
|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | नवनियुक्त कनीय अभियंता का नाम/गृह जिला | पंजीयन सं0 | आयोग द्वारा अनुशंसित समेकित सिरियल नं0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | विजय कुमार /बेगूसराय | BR00150010074793 | 4444 |
| 2 | प्रमोद कुमार ताँती /गया | BR00150010085580 | 4876 |
| 3 | गुलशन कुमार /नवादा | BR00150010012021 | 5352 |
| 4 | रामजी कुमार /जहानाबाद | BR00150010054053 | 6851 |
| 5 | स्व0 अनिता कुमारी/ कैमूर | BR00150010077428 | 8644 |
| 6 | साक्षी ठाकुर/ दिल्ली | BR00150010032015 | 2569 |